हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तेज बारिश के अलर्ट के बीच मंगल भवन में लगा सीडब्ल्यूएसएन चिन्हांकन शिविर

शासन ने की थी छुट्टी घोषित, शिक्षा विभाग ने दिव्यांग बच्चों को बुलाया शिविर में



शिविर में उपस्थित चिकित्सक व बच्चों के साथ परिजन।

एक तरफ छुट्टी, दूसरी तरफ फरमान

विडंबना यह है कि मौसम विभाग की चेतावनी पर जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए आज स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं, लेकिन बीईओ कार्यालय ने दो दिन पहले ही सभी प्राचार्यों और प्रधान पाठकों को लिखित आदेश देकर दिव्यांग बच्चों को अभिभावकों सहित शिविर में लाने के लिए बाध्य किया।

अभिभावकों और शिक्षकों के लिए रहा चुनौति

कई विद्यालय 10 से 15 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। खराब मौसम कीचड़ और बारिश के बीच विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को लाना शिक्षकों और पालकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रहा। अभिभावकों का कहना था कि जब सामान्य बच्चों को खराब मौसम के कारण घर पर रहने को कहा गया है, तो सबसे अधिक देखभाल की जरूरत वाले दिव्यांग बच्चों को इस मौसम में बुलाना कहां तक उचित है।

शिविर नहीं कर सकते थे कैंसिल

सरकार द्वारा छुट्टी की घोषणा की गई है किन्तु यहां पर जो डॉक्टर बाहर से आए हुए है, उन्ही के द्वारा ही दिव्यांग और विकलांग का निरीक्षण उपरांत उन बच्चों को उपकरण प्रदान किया जाना था। इसी कारण इस शिविर कों कैंसिल नहीं किया जा सका।

-अशोक सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

प्रदेश में खराब मौसम और भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए जहां शासन ने बुधवार को प्रदेश के समस्त विद्यालयों में अवकाश घो षि त किया है। इधर शिक्षा विभाग ने ठीक इसके वि प री त आदेश जारी कर दिव्यांग बच्चों का शिविर लगा दिया। विभाग के इस फरमान से बच्चे, अभिभावक और शिक्षक सभी परेशान रहे।

खास बात

- अभिभावकों में आक्रोश, जताई नाराजगी

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा 27 अक्टूबर को जारी आदेश के परिपालन में बुधवार को प्रातः 11 बजे से रामानुजनगर के पिवरी चौक स्थित मंगल भवन में विकास खण्ड स्तरीय चिन्हांकन एवं चिकित्सकीय आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। समावेशी शिक्षा अंतर्गत आयोजित ⏭शेष पेज 4 पर





SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE KI GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA & 16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
has been RANKED By Outlook
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
has been RANKED By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402



खबर संक्षेप

सूरजपुर एसपी ने कई पुलिस कर्मियों को दी नई जिम्मेदारी, तबादला आदेश जारी

बिश्रामपुर। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर योगेश पटेल ने जिले के 8 निरीक्षक रैंक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है इसके अतिरिक्त 2 उपनिरीक्षक, 8 सहायक उपनिरीक्षक सहित अलग अलग थानों में पदस्थ 55 पुलिस कर्मियों का तबादला कर उन्हें नए थाना चौकियों में पदस्थापना दी गई है,गुरुवार 29 अक्टूबर को एसपी द्वारा जारी आदेश में निरीक्षक रंजीत प्रताप सिंह को रक्षित केंद्र से शिकायत शाखा प्रभारी पुलिस कार्यालय,निरीक्षक रमेश पटेल रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी रामानुजनगर,निरीक्षक नंद किशोर गौतम रक्षित केंद्र से रीडर टू एसपी कार्यालय,निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी रमकोला,निरीक्षक मिलन सिंह रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी चांदनी,निरीक्षक ढाल सिंह साहू रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी जयनगर,निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का रक्षित केंद्र से प्रभारी साईबर सेल,निरीक्षक जावेद मियाँदाद को डीसीबी/ डीसीआरबी/कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है,इसी कड़ी में उपनिरीक्षक अमित गुप्ता को थाना प्रभारी जयनगर से चौकी प्रभारी बसदेई,उपनिरीक्षक हीरालाल साहू को थाना प्रभारी रमकोला से थाना सूरजपुर,एएसआई अरुण गुप्ता को साईबर सेल से चौकी प्रभारी करंजी नियुक्त किया गया है,इसी प्रकार एएसआई अमरेश सिंह रक्षित केंद्र से साईबर सेल,वरुण तिवारी को जयनगर,पास्कल लकड़ा को रक्षित केंद्र से थाना रामानुजनगर,बबिता यादव रक्षित केंद्र से थाना बिश्रामपुर,राकेश यादव को थाना प्रतापपुर,हरिशंकर तिवारी को बिश्रामपुर से थाना चंदौरा,सुनील भारती को चंदौरा से भटगांव पदस्थ किया गया है।आदेश में 6 हेड कॉन्स्टेबल व 49 आरक्षकों को भी नई पोस्टिंग दी गई है।

कोल इंडिया कर्मचारियों की एचआरए की दरों में हुई वृद्धि

बिश्रामपुर। कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए मकान किराया भत्ते को लेकर बड़ी राहत की खबर है,कोल इंडिया प्रबंधन ने एचआरए की दरों में बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया है। संशोधित दरों के अनुसार अब एक्स श्रेणी के शहरों में मूल वेतन का 27 प्रतिशत, वाई श्रेणी में 18 प्रतिशत और जेड श्रेणी के शहरों में 9 प्रतिशत मकान किराया भत्ता मिलेगा। नई दरें 1 सितंबर 2026 से प्रभावी मानी जाएंगी,इस संबंध में कोल इंडिया के मानव संसाधन विभाग ने 22 अक्टूबर को कार्यालय आदेश जारी किया है। इस निर्णय से कंपनी में कार्यरत उन कर्मचारियों को लाभ मिलेगा, जिन्हें नियमानुसार मकान किराया भत्ते की पात्रता है। इस बढ़ोतरी से पात्र कर्मचारियों की मासिक वेतन गणना में बदलाव होगा। ज्ञात हो कि कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों और कोयला क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए इस आदेश का महत्व है। नई दरें प्रभावी तिथि से लागू होने के कारण कर्मचारी अपने वेतन विवरण में संशोधित एचआरए और नियमानुसार देय अंतर की जानकारी का इंतजार करेंगे।


किसानों को बीज वितरण एवं जलवायु आधारित कृषि का दिया गया प्रशिक्षण

बिहारपुर। वाटरशेड ऑर्गनाइज ट्रस्ट संस्था के माध्यम से जलवायु आधारित कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र के 195 कृषकों को गेहूं, सरसों एवं सूरजमुखी के उन्नतशील बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम के तहत किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, फसल उत्पादन बढ़ाने तथा कृषि में जलवायु अनुकूल तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 किसानों को 3-3 किलोग्राम उन्नतशील सरसों बीज, 85 किसानों को 40-40 किलोग्राम गेहूं बीज एवं 10 किसानों को 1-1 किलोग्राम सूरजमुखी बीज वितरित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को रबी फसलों की खेती के लिए खेत की तैयारी, उचित खाद एवं उर्वरक की मात्रा, बीज बुवाई की सही विधि, सिंचाई प्रबंधन तथा फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान और उनके नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को जलवायु के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग कर फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

शराबी ई रिक्शा चालक पर दस हजार रूपए का जुर्माना

अंबिकापुर। शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई के बाद कोर्ट ने ईरिक्शा चालक पर दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने की दिशा मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम मे यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा दौरान चेकिंग ई रिक्शा क्रमांक सीजी 15 ईके 3063 के वाहन चालक बौरीपारा निवासी 42 वर्षीय सुधीर दुबे आ. सुरेश दुबे को रोककर जांच की तो वह शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया। ब्रेथ ऐनालाइजर से चेक करने पर चालक द्वारा शराब पीने और नशे में धुत होने की पुष्टि हुई जिसके बाद मामले में एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्ररकण तैयार कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण मे वाहन चालक को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया हैं। कार्रवाई में यातायात शाखा प्रभारी विजय केवर्त समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहे।

निधन



महेन्द्र गुप्ता

प्रतापपुर। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्र गुप्ता का 28 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 29 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

शाम ढलते ही बढ़ी बारिश की रफ्तार, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

तूफान के प्रभाव से गुरुवार को पूरे दिन जारी रही वर्षा





तूफान से प्रभावित फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से गुरुवार को भी पूरे दिन वर्षा का क्रम जारी रहा। मौसम विज्ञानी तूफान के प्रभाव से शुक्रवार को भी तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

खास बात

- तेज रफ्तार हवाएं चलने के साथ कहीं-कहीं भरी बारिश होने की चेतावनी

चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से सरगुजा सहित पूरे संभाग भर में बुधवार से ही लगातार हल्की बारिश हो रही है जिससे जनजीवन अस्त व्यवस्त हो गया है। गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शहर में बारिश की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण कुछ राहत रही लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों सहित संभाग के अन्य जिलों में पूरे दिन बारिश का क्रम जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान आंध्र प्रदेश को पार कर चुका है तथा आगामी 48 घंटों में इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में बढने एवं धीरे धीरे कमजोर पड़कर लो-प्रेशर में बदलने की संभावना है। इधर मौसम विभाग ने सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के लिए अलग अलग अलर्ट जारी कर तेज हवा के साथ कहीं-कहीं भारी वर्ष होने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सरगुजा एवं बलरामपुर जिले के लिए यलो अलर्ट, वहीं सूरजपुर, कोरिया एवं एमसीबी के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को पूरे दिन हल्की वर्ष हुई वहीं शाम 5 बजते ही अंधेरा छाने के साथ वर्षा की रफ्तार बढ़ गई। इस दौरान तेज रफ्तार हवाएं चलती रहीं। मौसम अधिकारी रात में 50 से 60 किमी प्रति घंटे रफ्तार की हवाएं चलने के साथ ही कहीं-कहीं भारी वर्ष होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। तूफान को लेकर जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा है। तेज हवाएं चलने के कारण विद्युतलाइन के क्षतिग्रस्त होने की संभावना पर विद्युत विभाग द्वारा डीई कार्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर 24 घंटे अधिकारियों को तैनात किया गया है। .गुरुवार को तेज हवाएं नहीं चलने के बावजूद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। कार्यपालन यंत्री जेपी राजवाड़े के अनुसार गुरुवार को गोधनपुर वार्ड में विद्युत तार टूटने के कारण दोपहर काफी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही वहीं लक्ष्मीपुर विद्युत उपकेन्द्र में 11 केवी पोल फटने के कारण विद्युत कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बारिश होने के कारण बाईपास कर विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। विकासखंड उदयपुर अंतर्गत लक्ष्मणगढ़ जंगल में विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिरने के कारण काफी देर तक आपूर्ति बाधित रही। लगातार बारिश एवं तेज वा से विद्युत लाइन को हुई क्षति रात में बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम कार्यालय द्वारा सुबह 7.30 बजे तक 19.2 मिमी वर्ष रिकार्ड की गई है।

बारिश में भीगी धान की फसल

किसान पिछले एक सप्ताह से धान की कटाई कर रहे है। धान काटी गई अधिकांश फसल किसानों ने सूखने के लिए खेतों में छोड़ राखी है। वहीं बड़ी संख्या में किसान धान की फसल को खलिहान में रखकर मिसाई प्रारंभ करने की तैयारी में थे। मौसम खराब होने के कारण धान की मिसाई शुरू हो सकी है। लगातार बारिश होने के कारण खेल खलिहानों में रखी फसल भींग रही है जिससे धान के ढानों में अंकुरण होने का खतरा बढ़ गया है। कोरिया एवं सूरजपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक वर्षा हुई है। लगातार वर्षा होने के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल लेट गई है। तूफान की वर्षा से धान की फसल को भारी नुकसान होने का अनुमान है। स्थिति से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

सब्जियों की फसल को भी नुकसान

सरगुजा में सब्जियों की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। किसानों ने बड़े क्षेत्रफल में विभिन्न किस्म की सब्जियों की खेती की है। लगातार बारिश से टमाटर एवं लतावर्गीय करेला, खीरा एवं सेम की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। किसानों से अनुसार लगातार बारिश से टमाटर एवं लता वर्गीय सब्जियों की फसल पर फंगस का आक्रमण होता है तथा पूरी फसल गल जाती है। बारिश के कारण किसान फंगस रोधी दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे है जिससे सब्जियों की इन फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

जिला मुख्यालय में 2 दिनों से हो रहे लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

बलरामपुर। अर्बन तूफान की वजह से जिले सहित जिला मुख्यालय में 2 दिनों से हो रहे लगातार बारिश की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से धान की फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हुआ है वही गेहूं और दलहन तिलहन के फसलों के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। बुधवार की दोपहर से शुरू हुई बारिश जो गुरुवार को देर शाम तक रुक रुक कर जारी रहा। बारिश की वजह से जहां स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है तो वहीं आज अधिकांश ऑफिस में अघोषित छुट्टी जैसे नजारे देखने को मिला। अधिकांश लोग घर में ही दुबके रहे जिससे सड़कों पर भी सन्नाटा नजर आया। दुकान भी गिनती की ही खुली जबकि ग्रामीण क्षेत्र से आकर के दुकान खोलने वाले और गुदरी बाजार में बाजार में सामान लगाने वाले लोग नहीं दिखे। शहर मे भी भीड़भाड़ कम नजर आई। लगातार बारिश का असर सभी जगह देखने को मिला। बरसात के बाद फिर से एक बार नदी नाले में तेज बहाव देखने को मिला। मुख्यालय के चनान नदी और सिंदूर नदी में फिर एक बार बाढ़ देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे तक मौसम इसी तरह बने रहने की अंदेशा जताई है। धीरे-धीरे अर्बन तूफान का असर कम होगा और फिर कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

चक्रवाती तूफान के कारण हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की फसल को पहुंचाई क्षति

बिश्रामपुर। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से मौसम में आए अचानक बदलाव ने बिश्रामपुर -शिवनंदनपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।

- खेतों में खड़ी फसल से लेकर खलिहानों में रखे धान तक पर बड़ा नुकसान का बना खतरा

बुधवार दोपहर से शुरू हुई बारिश का सिलसिला गुरुवार को भी लगातार जारी रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में लहलहा रही धान की फसल से लेकर कटाई के बाद खलिहानों में रखे धान तक पर बेमौसम बारिश की मार पड़ रही है,वहीं सब्जी उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाले चर्चित ग्राम सिलफिली और आसपास के गांवों में भी मौसम के बदले मिजाज से सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचने की खबर है। अचानक बदले मौसम ने किसानों की महीनों की मेहनत और लागत पर संकट खड़ा कर दिया है। यूं तो खेती-किसानी पूरी तरह मौसम पर निर्भर रहती है। किसान पूरे सीजन खेतों में पसीना बहाकर फसल तैयार करते हैं और जब उपज घर लाने का समय नजदीक आता है, तब मौसम की प्रतिकूलता उनकी मेहनत पर भारी पड़ने लगती है। कोयलांचल क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश ने एक बार फिर किसानों के सामने इसी तरह की चुनौती खड़ी कर दी है। बुधवार दोपहर से आसमान में छाए बादलों और शुरू हुई बारिश ने ग्रामीण इलाकों का सामान्य जनजीवन प्रभावित किया। गुरुवार को भी बारिश जारी रहने से किसानों की मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ती नजर आईं। धान की फसल को लेकर किसानों की चिंता स्वाभाविक है। किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे मौसम की इस अनिश्चितता के बीच अपनी मेहनत से तैयार उपज को आखिर किस तरह सुरक्षित रखें। धान की खेती करने वाले किसानों के लिए केवल खेतों में खड़ी फसल ही चिंता का कारण नहीं है, बल्कि खलिहानों में रखे धान की सुरक्षा भी बड़ी समस्या बन गई है। कटाई के बाद खुले स्थानों पर रखी गई फसल बारिश के पानी से भीगने पर उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। धान को पर्याप्त रूप से सुखाने और सुरक्षित रखने में परेशानी आने से किसानों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। यदि धान लंबे समय तक नमी की चपेट में रहता है, तो उसके खराब होने, रंग और गुणवत्ता प्रभावित होने तथा भंडारण के दौरान परेशानी बढ़ने का खतरा रहता है। इससे किसानों को उपज के उचित मूल्य को लेकर भी चिंता हो सकती है।खेतों में पानी जमा होने की स्थिति बनने पर फसल प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही बारिश के कारण कटाई और उपज को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में देरी हो सकती है।



सब्जी की खेती पर भी मौसम का पड़ा असर

ग्राम सिलफिली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जी की खेती अनेक किसानों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। यहां उत्पादित सब्जियां स्थानीय बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचती हैं। लेकिन चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बदले मौसम और लगातार बारिश ने सब्जी उत्पादकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। सब्जी की खेती में अत्यधिक नमी और खेतों में पानी जमा होने से पौधों की जड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। कुछ फसलों में रोग लगने की आशंका बढ़ जाती है, जबकि फूल और फल आने की अवस्था में प्रतिकूल मौसम उत्पादन को प्रभावित कर सकता है। लगातार बारिश के कारण खेतों में काम करना, फसलों की देखभाल करना और तैयार सब्जियों को बाजार तक पहुंचाना भी मुश्किल हो सकता है। सब्जी उत्पादकों के सामने एक और चुनौती यह है कि सब्जियां जल्दी खराब होने वाली उपज हैं। यदि बारिश के कारण उत्पादन या बाजार तक पहुंच प्रभावित होती है, तो इसका सीधा असर किसानों की रोजाना होने वाली आमदनी पर पड़ सकता है। फसल तैयार होने के बाद मौसम बिगड़ जाए, तो किसानों के सामने नुकसान की भरपाई की बड़ी चुनौती खड़ी हो जाती है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया सुरक्षित बचपन अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, बाल सुरक्षा तथा बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले चरण के अंतर्गत दिनांक 26 से 31 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी विद्यालयों में पॉक्सो अधिनियम तथा बाल सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न्यायिक अधिकारीगण, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग द्वारा विद्यार्थियों को निरंतर जागरूक किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ के साथ ही शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बच्चों को दी विस्तृत जानकारी



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत द्वारा बच्चों के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बच्चों के संरक्षण एवं उनके अधिकारों की रक्षा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए विधिक सेवा संस्थाएं निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने के लिए बनाए गए इस कानून की जानकारी बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को होना आवश्यक है, ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके और पीड़ित बच्चों को समय पर सहायता एवं न्याय मिल सके। प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला द्वारा पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों को सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच अंतर, अनुचित व्यवहार की पहचान तथा ऐसी स्थिति में तत्काल किसी विश्वसनीय वयस्क को जानकारी देने के संबंध में जागरूक किया। न्यायाधीश सुश्री रिचा रेनी तिग्गा ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की बालकों के लिए बाल-अनुकूल विधिक सेवाएं योजना, 2024 के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सुश्री लीनम बंसोड़ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबिकापुर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका तथा उसके द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न विधिक सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया। साइबर सेल अंबिकापुर की टीम एवं थाना प्रभारी महिला थाना अंबिकापुर द्वारा साइबर अपराधों एवं उनके दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होंने सुरक्षित क्लिक ही सुरक्षित जीवन है का संदेश देते हुए विद्यार्थियों से किसी भी अनजान कड़ी पर क्लिक न करने, एक बार उपयोग होने वाला कूटांक एवं कूटशब्द साझा न करने तथा इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया।

दवनकरा धान खरीदी केंद्र में हमाली भुगतान को लेकर किसानों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

दवनकरा धान उपार्जन केंद्र में हमाली भुगतान नहीं मिलने को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2025-26 सहित पूर्व वर्षों में धान की तौल, सिलाई और स्टेकिंग का कार्य करने के बावजूद उन्हें मेहनताना नहीं मिला है। किसानों ने संबंधित विभाग से बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है।

- भुगतान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

किसानों के अनुसार समिति प्रबंधन की ओर से हमाली की राशि बैंक खातों में जमा कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन भुगतान अब तक नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि हमाली भुगतान को लेकर लगातार शिकायतें और विरोध सामने आने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। ऐसे में संबंधित विभाग को भुगतान संबंधी अभिलेखों की जांच कर यह साफ करना चाहिए कि किन किसानों का कितना भुगतान लंबित है, राशि स्वीकृत हुई है या नहीं और भुगतान में देरी की वजह क्या है। किसानों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर पात्र किसानों के खातों में बकाया राशि तत्काल जमा कराई जाए, ताकि उन्हें अपनी मेहनत का उचित पारिश्रमिक मिल सके।



मेडिकल वार्ड से भागा मरीज, परिजन परेशान

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती एक मरीज वार्ड से फरार हो गया। इधर वार्ड में मरीज के नहीं होने पर परिजन काफी परेशान हो गए। परिजन ने काफी खोजबीन की लेकिन मरीज का पता नहीं तो घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस को दी है। बताया जा रहा है कि मरीज की मानसिक हालत ठीक नहीं था। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत कुदरगढ़ भवरखोह निवासी दिनेश कुमार आ. स्व. जयकरण (35 वर्ष) बुधवार को तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के पूर्व में एक्सीडेंट होने तथा मानसिक हालत ठीक नहीं होने पर मेडिकल वार्ड स्थित बेड में बांध कर उपचार किया जा रहा था। आज सुबह जब परिजन वार्ड के बाहर गए थे तभी युवक रस्सी को तोड़ वार्ड से फरार हो गया। परिजन मरीज को बेड पर नहीं देख खोजबीन की लेकिन मरीज का कहीं पता नहीं चला। परिजन ने मरीज के नहीं मिलने पर घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस कर्मियों को दी। पुलिसकर्मियों द्वारा मरीज की तलाश शुरू कर दी है।



आशाराम बापू की किताब बांटने पर पद से हटाए गये प्राचार्य

अंबिकापुर। विद्यालय में बच्चों को आशाराम बापू की किताब बांटने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को पद से हटा दिया है। उन्हें संयुक्त जिला कार्यालय शिक्षा शाखा में पदस्थ किया गया है। बता दें कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रघुनाथनगर के प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार प्रजापति द्वारा 27 अक्टूबर को अपने स्कूल के बच्चों को आशा राम बापू के किताब का वितरण किया गया। प्राचार्य ने बच्चों को संस्कार सरिता नाम की किताब बांटी। किताब मूल रूप से आशाराम बापू पर आधरित है और किताब में सिर्फ और सिर्फ आशाराम का ही महिमा मंडन किया गया है। पाठ्यक्रम से विपरीत जेल में बंद अपराधी की किताब बांटे जाने का अभिभावकों ने विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र निरापुरे जांच के निर्देश दिए थे। डीईओ के निर्देश पर प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार प्रजापति को पद से हटाने के साथ ही संयुक्त जिला कार्यालय बलरामपुर में शिक्षा शाखा में अटैच किया गया है।

बारिश के बीच विमान ने लैंडिंग के साथ ही भरी रायपुर के लिए उड़ान

अंबिकापुर। रायपुर हैदराबाद विमान सेवा शुरू होने के बाद दूसरी बार विमान ने रायपुर के लिए उड़ान भरी। बड़ी बात यह है कि चक्रवात अर्नब के प्रभाव के को देखते हुए प्लेन के लैंडिंग और टेक ऑफ को लेकर आशंका जताई जा रही थी लेकिन लगभग दो घंटे की देर से उड़ान भरी। दूसरी बार रायपुर के लिए अम्बिकापुर से 21 यात्रियों ने उड़ान भरी है।

बता दें कि मंगलवार को सरगुजा से हैदराबाद और रायपुर तक के लिए हवाई सेवा की शुरुआत हुई है। एलाइंस एयर कंपनी द्वारा सेवा का संचालन किया जा रहा है। यह हवाई सेवा मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रहेगी। वर्तमान में गुरुवार को सरगुजा में चक्रवात अर्नब का असर रहा। चक्रवात के कारण ही सीएम का सरगुजा दौरा रद्द हो गया। ऐसे में प्लेन के लैडिंग को लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई थी। बारिश के कारण विजिबिलिटी कम होने के कारण विमान के संचालन में दिक्कत आ सकती थी। इस बीच रायपुर से चलकर विमान एक घंटे की देरी से दोपहर 3.10 बजे अंबिकापुर पहुंच गया था लेकिन बारिश के कारण दृश्यता कम होने से विमान आसमान में ही चक्कर लगाता रहा। लगभग 15 से 20 मिनट तक आसमान में चक्कर लगाने के बाद लगभग साढ़े तीन बजे विमान ने लैंडिंग की। विमान के लैंड करने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। ऐसा इस लिए क्यों कि पहले दिन कुछ यात्रियों की फ्लाईट छूट गई थी और वे फिर से टिकट बुक कर रायपुर जा रहे थे। लगभग आधे घंटे के बाद फिर से बारिश कम होने और दृश्यता बढने के बाद विमान ने लगभग सवा चार बजे उड़ान भरी।

खबर संक्षेप

केबल तार चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बैकुण्ठपुर। केबल तार चोरी के मामले में पटना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए तांबे के तार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना पटना में अपराध क्रमांक 195/2025 के तहत केबल तार चोरी का प्रकरण दर्ज है। मामले की विवेचना के दौरान प्राप्त जानकारी और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में चोरी किए गए केबल तार को काटकर अलग-अलग स्थानों पर ले जाने और उसे बेचने से संबंधित तथ्य सामने आए। आरोपियों के बताए अनुसार चोरी किए गए तांबे के तार बरामद किए गए। वहीं, चोरी के तार बेचकर प्राप्त राशि आपस में बांटने के संबंध में भी विवेचना की गई। पुलिस ने मामले में राजकुमार अगरिया, पिता गणेश अगरिया और विजय अगरिया, पिता महेश अगरिया, दोनों निवासी ग्राम कस्केला, जिला सूरजपुर, छग को गिरफ्तार किया है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। कोरिया पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि चोरी अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। चोरी का सामान खरीदने से बचें और अपराधियों को संरक्षण न दें। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

युवा प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

बैकुण्ठपुर। छग शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले की स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए आगामी 31 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में आयोजित यह एक दिवसीय उत्सव प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के युवाओं से उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव युवाओं की रचनात्मकता, कला और सांस्कृतिक प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच है। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के माध्यम से युवाओं को देश के समावेशी विकास के लिए अपने अभिनव विचार साझा करने का अवसर भी मिलेगा। उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी के रूप में भाग ले सकेंगे।

बोड़ेबहरा में सड़क के अभाव ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें | **बीमार महिला को मुख्य सड़क तक पहुंचाने के लिए करना पड़ा संघर्ष**

खाट पर 2 किमी पैदल ले गए परिजन, अस्पताल पहुंचने के दौरान महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर





जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पाराडोल के आश्रित ग्राम बोड़ेबहरा से स्वास्थ्य सुविधाओं और ग्रामीण सड़क संपर्क की स्थिति को उजागर करने वाला एक दर्दनाक मामला सामने आया है। बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए परिजनों को खाट का सहारा लेना पड़ा। वे महिला को खाट पर लिटाकर करीब दो किलोमीटर तक पैदल चले और दुर्गम रास्तों से होते हुए मुख्य सड़क तक पहुंचे। इसके बाद निजी वाहन से महिला को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई, लेकिन अस्पताल पहुंचने के दौरान महिला की मौत हो गई।

घटना ने गांव में सड़क जैसी बुनियादी सुविधा की जरूरत को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, बोड़ेबहरा में सड़क सुविधा के अभाव के कारण बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने में परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल उपचार के लिए ले जाने की जरूरत थी, लेकिन गांव तक सुगम सड़क मार्ग उपलब्ध नहीं होने से परिजनों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई। ऐसे में परिजनों ने महिला को खाट पर लिटाया और उसे लेकर पैदल ही मुख्य सड़क की ओर निकल पड़े। पगडंडियों और दुर्गम रास्तों से होते हुए करीब दो किलोमीटर का सफर तय करने के बाद वे मुख्य सड़क तक पहुंचे। वहां से निजी वाहन की मदद से महिला को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। बोड़ेबहरा की घटना केवल एक परिवार की पीड़ा तक सीमित नहीं है। यह उन ग्रामीणों की समस्याओं की ओर भी ध्यान खींचती है, जिन्हें आज भी बुनियादी आवागमन सुविधा के लिए जूझना पड़ता है। सड़क का सीधा संबंध स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आपातकालीन सेवाओं से है। गांव तक पहुंचने योग्य सड़क नहीं होने पर एंबुलेंस और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच भी प्रभावित हो सकती है। विशेषकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए ऐसी परिस्थितियां अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी जरूरी है।

सड़क बने तो कम हो सकती है ग्रामीणों की परेशानी

बोड़ेबहरा के ग्रामीणों के लिए सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि आपातकालीन स्थिति में अस्पताल तक पहुंचने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभाग को गांव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर सड़क संपर्क की समस्या का आकलन करना चाहिए।

प्रशासनिक पहल का इंतजार

इस घटना के बाद गांव में सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता फिर सामने आई है। सवाल यह है कि बोड़ेबहरा तक सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए हैं और ग्रामीणों की इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग की क्या योजना है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के आधार पर महिला की मौत का प्रत्यक्ष कारण और सड़क के अभाव से मौत का सीधा संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

पीजी कॉलेज में तनाव प्रबंधन एवं स्वस्थ जीवनशैली पर कार्यशाला

सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन पर जोर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में 29 अक्टूबर को तनाव प्रबंधन एवं स्वस्थ जीवनशैली जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की डिजिटल लाइब्रेरी में आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन आईक्यूएसी, मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ तथा हेल्थ एंड लाइफ स्टाइल कोच वेलनेस सर्कल-24 के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम समिति संयोजक प्रो. अनुरंजन कुजूर एवं प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय तनाव प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली जागरूकता एवं तनाव से ताकत तक रहा। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों पर पढ़ाई, परीक्षा, करियर और रोजगार के साथ पारिवारिक अपेक्षाओं का भी दबाव रहता है। शैक्षणिक एवं सामाजिक वातावरण में बढ़ता दबाव मानसिक तनाव का महत्वपूर्ण कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे अपने जीवन को अधिक संतुलित एवं स्वस्थ बना सकेंगे। कार्यशाला के मुख्य वक्ता हिमांशु दासे ने मानसिक तनाव से ताकत तक के सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को तनाव के कारणों और उसके प्रभावों को समझना आवश्यक है। दैनिक जीवन में तनाव को बेहतर तरीके से संभालने के लिए व्यावहारिक उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने पर्याप्त नींद, नियमित शारीरिक गतिविधियों, व्यवस्थित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली को मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही सकारात्मक सोच, आत्मजागरूकता एवं भावनात्मक संतुलन को तनाव से निपटने का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गौरव कुमार मिश्रा, डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप ओझा ने किया तथा आभार प्रदर्शन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष देउस्कर ने किया।

सड़क चौड़ीकरण को लेकर जिपं में बैठक आज

व्यापारी और भू-स्वामी होंगे शामिलि, प्रक्रिया आगे बढ़ाने प्रशासन ने शुरू की तैयारी



बैकुण्ठपुर। शहर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर प्रभावित व्यापारियों एवं भू-स्वामियों की आवश्यक बैठक 30 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर श्रीमती दीपिका नेताम द्वारा इस संबंध में चेंबर ऑफ कॉमर्स बैकुण्ठपुर के अध्यक्ष समेत अन्य को पत्र भेजकर सूचना दी गई है। बैठक अपराह्न 4:30 बजे होगी। इसमें सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियों एवं भू-स्वामियों को शामिल होने की अपील की गई है।
विदित हो कि बैकुण्ठपुर शहर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के लिए बीते दिनों बड़ी राशि की स्वीकृति मिल चुकी है। अब इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है।

करण हत्याकांड में 7 आरोपी को उम्रकैद

मनेंद्रगढ़। मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र में पिछले साल हुई करण राठौर की हत्या के मामले में सभी 7 आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण के अनुसार दिनांक 05 सितम्बर 2025 को रात्रि लगभग 10:00 बजे से 10:30 बजे के मध्य मनेंद्रगढ़ स्थित बताशा लाइन, हनुमान मंदिर के सामने गली में आरोपियों द्वारा विधि विरुद्ध जमाव बनाकर घातक हथियारों से बल एवं हिंसा का प्रयोग किया गया तथा करण राठौर पर चाकू से प्राणघातक हमला किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रकरण में पुलिस द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालयीन विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर माननीय न्यायालय ने रितिक मिश्रा, सचिन जैन, राशिद खान, अमन केंवट उर्फ बुटई, भावेश पाटिल, रौनिल मिश्रा उर्फ कुक्कू एवं मो. अकरम उर्फ अक्कू को बीएनएस की धारा 191(3) एवं 103(1)/191 के अपराध में दोषसिद्ध पाया। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त सातों दोषसिद्ध आरोपियों को बीएनएस की धारा 191(3) के तहत 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए के अर्थदंड तथा बीएनएस की धारा 103(1)/191 के तहत आजीवन कारावास एवं 1,000-1,000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। न्यायालय द्वारा दोनों सजाएं साथ-साथ चलाए जाने का आदेश दिया गया है। अर्थदंड की अदायगी नहीं किए जाने पर आदेशानुसार अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जाएगा।

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road Dist- Surajpur (C.G.) 9165265258, 8889110739, 9244175446

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.) 9407634704, 7509172393

सरगुजा मार्केट

प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, मल्हमाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
9753266386

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य"
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 01 नवंबर, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

A TATA PRODUCT
TANISHQ
Adhyantara
A cosmic wonder, crafted for you.
FLAT ₹301 OFF* per gram on gold jewellery
UP TO 20% OFF* on making charges of gold jewellery and on diamond value
A WIN FOR YOU. A WIN FOR INDIA.
A transparent gold exchange process that gives you the best value for your old gold and helps India reduce its imports.
—WIN-WIN— EXCHANGE
Flat 0% deduction* on exchange of old gold (18 Kt and above) from any jeweller.
No hidden deductions
Exchange all year round
Upgrade to latest gold & diamond designs
Exchange for weddings, festivals & special occasions
Gold Rate Protection - Book in advance and stay protected against increasing gold rate*
Talk to our jewellery expert to know more 1800 2966 677 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.
Scan the QR code to find the nearest Tanishq store
अंबेडकर चौक एम.जी.रोड, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) 497001, मो.नं.-8819950111

खबर संक्षेप



पटवारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 17वें दिन भी रहा जारी

बलरामपुर। जिला मुख्यालय में पटवारी की हड़ताल 17वे दिन भी जारी रही, तहसील के पटवारी संघ पुराने हाट बाजार परिसर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। संघ का कहना है कि जब तक सरकार हमारी मांगे पूरा नहीं करती तब तक हम लोग हड़ताल पर बैठे रहेंगे। हड़ताल पर बैठे हुए पटवारी सत्य जीवन रवि ने बताया कि टीवी एप से संबंधित प्रमुख समस्याएं एवं कठिनाइयां सहित विभिन्न मांगों को लेकर के हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मुख्य रूप से प्रमुख मांगे वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन, वेतन विसंगति दूर करना, पीवी ऐप से संबंधित समस्याओं में समाधान, पटवारी से संवाद की वजह सीधे कार्रवाई नहीं करना, पटवारी की पूर्व समस्या के अनदेखी के अलावा उन्होंने बताया कि पीवी ऐप में कई कमियां है। वास्तविक भू भाग की स्पष्ट पहचान और बिना खातेदार के करना कठिन है, सही हिस्से में लगी फसल का सत्यापन बिना किसान के करना कठिन है, गलत प्रविष्टि होने पर किसान और पटवारी के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है। टीवी एप की प्रक्रिया में प्राप्त समय लग सकता है समय किसानों की उपयोगिता पर ही निर्भर करता है। स्पष्ट भूमि सीमा एवं सही खातेदार की जानकारी बिना सत्यापन करना कठिन है इसलिए इसमें सुधार करना आवश्यक है। पटवारी का अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से तहसील संबंधित काम और हाल ही में होने वाले किसान के धान खरीदी संबंधित कार्य ठप पड़े हुए हैं। प्रशासन के तरफ से किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पटवारी प्रतिवेदन के छात्र छात्राओं की जरूरत पड़ रही है जिससे किसान, छात्र-छात्राएं और नागरिक परेशान है। समय रहते प्रशासन और पटवारी के बीच समन्वय स्थापित नहीं होगा तो आने वाले दिनों में बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सुरभि दास, अंकित गुप्ता, नारायण सिंह, सत्य जीवन रवि, हामिद रजा, देवेंद्र विश्वकर्मा, सुनेश्वर सिंह, विमलेश सिंह, मंजरी कुर्रे, अवधेश यादव, सैमसंग कुजूर, सौरभ बघेल, अमित श्रीवास्तव सहित अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक मृतक की पहचान नही होने शव को शिनाख्त के लिए मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है। एक मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर बेलढ़ाब पुटा निवासी मिथलेश दास आ. नईहर दास (22 वर्ष) गत दिन परिजन को दोस्तों के साथ जजगा मंदिर जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। रात करीब 8 बजे पड़ोसी मंगलदास से फोन कर बताया कि जजगी पेट्रोल पंप और मंदिर के बीच मिथलेश का एक्सीडेंट होने की बात परिजन को बताई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में शहर से लगे लुचकी घाट के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने 50 वर्षीय ग्रामीण को टक्कर मार दी। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने संजीवनी 108 को सूचना दी। सूचना पर संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथ कोई परिजन नहीं होने पर पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखा है।

पेज 1 के शेष...

शासन ने की थी छुट्टी घोषित...

इस शिविर में पीएमश्री सहित समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, सहायक उपकरण और थेरेपी के लिए चिन्हांकन किया जाना था, जिसमें स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की टीम मौजूद रही। शिक्षा विभाग के इस फैसले से विभाग की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आवश्यकता थी कि मौसम को देखते हुए शिविर की तिथि आगे बढ़ा दी जाती, लेकिन विभाग ने शासन के अवकाश आदेश को दरकिनार कर शिविर आयोजित कर दिया।

मुख्यमंत्री ने जन्मशताब्दी पर उनकी आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण, वर्चुअल रूप से हुए शामिल

बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल पहचान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया : साय



प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल मंत्री, महापौर व अन्य जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाबा कार्तिक उराव के जन्म दिवस पर शहर में प्रदेश के पहले कार्तिक उरांव चौक का उदघाटन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल रूप से शामिल हुए जबकि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक व समाज के लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान सीएम ने वर्चुअल रूप से बाबा कार्तिक उराव की आदम कद प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय डिगमा का नामकरण अभियंता बाबा कार्तिक उरांव छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। सीएम श्री साय ने बाबा कार्तिक उरांव की जन्मशताब्दी पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बाबा कार्तिक उरांव का मानना था कि जनजातीय समाज की समृद्ध परम्पराएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक विरासत उसकी मूल पहचान हैं।

खास बात

- इंजीनियरिंग कॉलेज अब बाबा कार्तिक उरांव के नाम से जाना जाएगा, सीएम ने की घोषणा

इनका संरक्षण करते हुए समाज को शिक्षा, तकनीक और आधुनिक विकास के अवसरों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। बाबा कार्तिक उरांव ने धर्मांतरण के बाद जनजातीय आरक्षण एवं अन्य संवैधानिक सुविधाओं के लाभ से जुड़े विषयों को भी संसद में प्रमुखता से उठाया था। बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल पहचान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जनजातीय विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव जनजातीय समाज के महान जननायक, प्रखर विचारक और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ शिक्षा और संगठन की शक्ति का महत्व समझाया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज के उत्थान और अधिकारों के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने शिक्षा की शक्ति से जनजातीय समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने सरगुजा अंचल सहित पूरे जनजातीय समाज को शिक्षा, संगठन, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश दिया। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ऐसे महान जननायक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज के सम्मान, अधिकारों और विकास के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के साथ जनजातीय समाज के हितों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली ढंग से उठाया। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव का जीवन शिक्षा, संघर्ष, सामाजिक चेतना और जनजातीय समाज के स्वाभिमान की प्रेरक गाथा है। उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने और समाज तथा राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभा वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, उरांव समाज के अध्यक्ष आजाद भगत एवं समाज के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग महाविद्यालय का नामकरण नई पीढ़ी के लिए बनेगा प्रेरणास्रोत

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव की जन्मशताब्दी के अवसर पर जनजातीय समाज और क्षेत्रीय सांसद द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय डिगमा का नाम उनके नाम पर रखने का आग्रह किया गया है। जनजातीय समाज की भावनाओं और बाबा कार्तिक उरांव के ऐतिहासिक योगदान का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस आग्रह को स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय डिगमा अभियंता बाबा कार्तिक उरांव छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव स्वयं एक प्रतिभाशाली अभियंता थे। इसलिए उनके नाम पर इंजीनियरिंग संस्थान का नामकरण विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर से समाज के लोग शामिल हुए। भारी बारिश के बीच समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।

जनजातीय महापुरुषों की विरासत को चिरस्थायी बनाने प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री श्री साय ने बाबा कार्तिक उरांव की भव्य आदमकद प्रतिमा के अनावरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व इस प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया था और आज यह संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने इस कार्य के लिए अंबिकापुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा नगरवासियों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जनजातीय महापुरुषों ने समाज को जागरूक करने, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके जीवन और संघर्ष की गाथाएं नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

एनएच 43 पर सोनतराई से सूर तक फोर लेन सड़क निर्माण का शिलान्यास





अंबिकापुर/सीतापुर। सीएम विष्णु देव साय ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से जिले के सीतापुर शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर 28.41 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वन टाइम इम्प्रूवमेंट के अंतर्गत सोनतराई से सूर तक 3.82 किलोमीटर लंबाई में सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सीएम श्री साय ने कहा कि सड़कें विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं।

- 28.41 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा 3.82 किलोमीटर सड़क का निर्माण

सीतापुर शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के चौड़ीकरण से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी तथा स्थानीय नागरिकों के साथ ही इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क अधोसंरचना का विकास आम जनता की सुविधा और क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि लंबे समय बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सीतापुर को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। फोरलेन सड़क निर्माण से सीतापुर में विकास की प्रक्रिया को गति मिलेगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। बता दें कि एनएच 43 के किमी 433.850 से किमी 437.670 तक सोनतराई से सूर तक कुल 3.82 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। परियोजना के तहत सड़क के दोनों ओर 7-7 मीटर चौड़ाई में डामरीकृत सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा। इसके साथ ही पूरी लंबाई में दोनों ओर नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी।


इन निर्माण कार्यों से सड़क की क्षमता में वृद्धि होगी और यातायात को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। नालियों के निर्माण से जल निकासी की सुविधा बेहतर होगी, वहीं स्ट्रीट लाइट लगने से रात्रिकालीन आवागमन अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायता मिलेगी।

पुलिस अधिकारियों और जवानों को मिलेंगी बेहतर आवासीय सुविधा

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा नवनिर्मित महिला एनजीओ मेस भवन, उदयपुर में 12 अराजपत्रित अधिकारी आवास एवं 12 प्रधान आरक्षक तथा आरक्षक आवास और थाना सीतापुर में 12 प्रधान आरक्षक तथा आरक्षक आवासीय भवनों का लोकार्पण भी किया। विभिन्न भवनों के लोकार्पण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में पुलिस अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग की आवासीय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सुविधाओं से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर आवासीय वातावरण मिलेगा तथा वे और अधिक उत्साह एवं मनोबल के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे।

सड़क में पानी भरे गड्ढे की चपेट में आकर थ्रेसर हुआ दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे लोग

सीतापुर। अर्नब चक्रवात की वजह से होने वाली बारिश के कारण पानी से लबालब सड़क के गड्ढे की चपेट में आकर थ्रेसर मशीन दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। गनीमत रही कि इस घटना के दौरान पानी की वजह से सड़क पर लोगों का आवाजाही कम थी अन्यथा अनहोनी हो सकती थी। बीच सड़क पर थ्रेसर के पलटने की वजह से कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया था। जिसे बड़ी मशक्कत के बाद एक किनारे करते हुए सड़क पर आवागमन बहाल कराया गया। विदित हो कि अर्नब चक्रवात के प्रभाव की वजह से होने वाली बारिश के कारण नगर से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे की सड़क पर निर्मित गड्ढे पानी से लबालब हो गये है। शाम 6 बजे करीब थ्रेसर लेकर जा रही पिकप वाहन गड्ढे की चपेट में आ गया और बजाज ऑटो सेंटर के सामने थ्रेसर दुर्घटनाग्रस्त होकर बीच सड़क पर पलट गई। जिसकी वजह से सड़क पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई थी जिसे थ्रेसर एक किनारे कर दूर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस घटना से पहले एक मालवाहक पिकअप भी पानी से लबालब गड्ढे की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया था। दरअसल बजाज ऑटो के सामने पानी निकासी के अभाव के कारण बारिश का पानी सड़क पर निर्मित गड्ढों में जमा हो जाता है। अक्सर यहां बाइक सवार के अलावा कोई न कोई वाहन दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं।



सेमरसोत पाड़ी जंगल में अनियंत्रित होकर पलटी बस, युवती घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

गुरूवार की शाम उस समय सेमरसोत पाड़ी जंगल में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब बलरामपुर से यात्री लेकर अम्बिकापुर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में सवार तीन दर्जन से अधिक लोगों को मामूली चोटें आई वहीं एक युवती के घायल हो जाने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर से लगभग 4:30 बजे बर्फानी बस क्रमांक एमपी 09 एफए 6511से सवारियों को लेकर के अंबिकापुर के लिए रवाना हुई। जैसे ही यात्री बस पाड़ी और सेमरसोत जंगल के बीच में पहुंची तभी सामने से आ रहे हैं वाहन को साइड देने के चक्कर में सड़क से नीचे उतर गया और बारिश में सड़क फिसलन होने के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के अचालन पलट जाने से यात्रियों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर पस्ता थाना प्रभारी पुष्पराज साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बस से घायलों को बाहर निकाला। दुर्घटना में तीन दर्जन से अधिक यात्रियों को मामूली चोटे आई और एक युवती के गंभीर होने बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर यात्रियों को दूसरे वाहन से अंबिकापुर भिजवाया गया।



चक्रवात के कारण आज भी जिले में बंद रहेंगे स्कूल

अंबिकापुर। चक्रवात अर्नब के असर को देखते हुए सरगुजा में स्कूलों के अवकाश में वृद्धि कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने 30 अक्टूबर को भी जिले में अवकाश की घोषणा की है। डीईओ डॉ. दिनेश झा द्वारा जारी आदेश के तहत सभी शासकीय, अशासकीय स्कूल बंद रहेंगे। बता दें कि मौसम विभाग द्वारा चक्रवात के कारण जिले में 48 घंटे तक यलो अलर्ट घोषित किया है। इसे देखते हुए शासन के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 29 अक्टूबर को भी छुट्टी घोषित की गई थी वहीं अब बारिश का क्रम जारी रहने और मौसम खराब रहने के कारण 30 अक्टूबर को भी छुट्टी की घोषणा की है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

बिजनेस प्लस

सुरगुजा ऑटो केयर्स में ग्राहक को गुड लाइफ स्क्रैच कार्ड पर मिला गोल्ड कॉइन

अंबिकापुर। हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत डीलर सुरगुजा ऑटो केयर्स में गुड लाइफ स्क्रैच कार्ड के माध्यम से ग्राहकों को आकर्षक उपहार देने की पहल के तहत दरिमा निवासी जय शंकर सिंह को ग्लैमर एक्स एबीएस मोटरसाइकिल की खरीद पर प्राप्त स्क्रैच कार्ड से गोल्ड कॉइन मिला। इस अवसर पर जय शंकर सिंह ने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प विश्व की नंबर 1 दोपहिया वाहन कंपनियों में से एक है। इसके एडवांस फीचर्स, शानदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन सर्विस पर उन्हें पूरा भरोसा है। गोल्ड कॉइन मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर की और शोरूम की इस पहल की सराहना की। सुरगुजा ऑटो केयर्स में धनतेरस की बुकिंग पर आकर्षक उपहार तथा सभी वाहनों की खरीद पर निश्चित उपहार दिए जा रहे हैं। ग्राहक गुड लाइफ स्क्रैच कार्ड के माध्यम से भी आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर पा सकते हैं।



मार्क हॉस्पिटल में
उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ
पेट, लिवर एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच एवं विशेषज्ञ उपचार।
सभी रोगों का ईलाज
• पेट दर्द, एसिडिटी, कब्ज एवं पीलिया
• लिवर रोग, हेपेटाइटिस एवं पेट की टी.बी.
• पित्त की पथरी, हर्निया एवं अपेंडिक्स
अनुभवी चिकित्सक द्वारा अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपी, एंडोस्कोपी एवं पेट की सर्जरी
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा उपलब्ध है।
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS



